## खबर संक्षेप



### प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को मिला 'ग्रीन एनवायरो' सीएसआर अवार्ड 2026

**सतना।** औद्योगिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का लोहा मनवाया है। कंपनी को कौशल विकास की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'प्रथम ग्रीनएनवायरो सीएसआर अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार 12 जनवरी 2025 को गोवा में आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम में प्रदान किया गया। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद नाइक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम देवेन्द्र मिश्रा ने यह सम्मान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कंपनी के सीईओ राकेश जैन और प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रिज़्म जॉनसन केवल औद्योगिक विकास ही नहीं,बल्कि ग्रामीण शिक्षा,स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी समर्पित है। कंपनी के सतत प्रयासों ने ही आज उसे इस मुकाम पर पहुंचाया है।

### झुकेही क्षेत्र में प्रदूषण का तांडवः धूल और धुएं के बीच सिसकती जिंदगियां



**मैहर।** मैहर-कटनी बॉर्डर पर स्थित झुकेही क्षेत्र में चूना और छुही भट्ठों से निकलने वाला प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। हालत यह है कि दिन में भी धुएं के कारण सड़कें दिखाई नहीं देतीं। पेड़ों पर सफेद धूल की परत जमी है और लोग सांस,आंख व त्वचा की बीमारियों से जूझ रहे हैं। मजदूरों के पास न मास्क है न सुरक्षा किट। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और श्रम विभाग इस ओर से आंखें मूंदे हुए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि माल मैहर का है,लेकिन पहचान कटनी के नाम से होती है।जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी क्षेत्र की जनता ने आक्रोश व्यक्त किया है।

## चित्रकूट में अपहरण के बाद किशोर की हत्या, पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी ढेर



**सतना। चित्रकूट के बरगढ़ कस्बे में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। कपड़ा व्यापारी अशोक केशरवानी के 13 वर्षीय पुत्र आयुष का अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई।पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक मुख्य आरोपी ढेर हो गया है,जबकि दूसरा घायल है।**

गुरुवार शाम आयुष कोचिंग के लिए निकला था,तभी आरोपी उसे अपनी बाइक पर बैठाकर ले गए। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो आरोपी इरफान और कल्लू की पहचान हुई। पुलिस ने छापेमारी कर इरफान को पकड़ा,जिसकी निशान देही पर शौचालय के टैंक से आयुष का शव बरामद हुआ। आयुष की गला घोंटकर हत्या की गई थी।

### मुठभेड़ और आक्रोश


जब पुलिस आरोपियों को लेकर सबूत जुटाने निकली,तो उन्होंने भागने का प्रयास किया। जवाबी फायरिंग में आरोपी कल्लू उर्फ साहिबे ईमान की मौत हो गई,जबकि इरफान गंभीर रूप से घायल है। इस घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश है। व्यापारियों ने झांसी-मिर्जापुर हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पूरे कस्बे को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

## न्यायालय परिसर में गुंडा टैक्स मांगने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में थाना सिविल लाइन पुलिस ने न्यायालय परिसर में दहशत फैलाने वाले अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। न्यायालय जैसे संवेदनशील परिसर में अड़ीबाजी कर गुंडा टैक्स वसूलने वाले 7 शातिर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार को सूचना मिली थी कि न्यायालय परिसर में कुछ युवक गुंडागर्दी कर रहे हैं और आपस में ही मारपीट पर उतारू हैं। पुलिस बल ने मौके पर घेराबंदी कर मन्नू उर्फ मृगेंद्र सिंह,साहिल, नारायण,आदित्य मिश्रा,विपुल द्विवेदी,देव पटरिया और कान्हा उर्फ आर्यन को अभिरक्षा में लिया। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 119(1) व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस सराहनीय कार्रवाई में सउनि रोहिणी प्रसाद,प्रधान आरक्षक प्रवीण तिवारी और विवेक दुबे सहित पूरी टीम की मुख्य भूमिका रही।

## अवैध कोयला भंडारण पर 20 लाख का जुर्माना, खनिज विभाग की बड़ी चोट



**सतना।** जिले के रामपुर बघेलान क्षेत्र में कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनिज अधिकारी ने अवैध रूप से कोयला भंडारित करने के मामले में कारोबारी शुभम पांडेय पर 20 लाख 6 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया है। यह पूरा मामला रुहिया गांव का है,जहां नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और बेला पुलिस चौकी प्रभारी ने 12 नवंबर को दबिश दी थी। मौके पर लगभग 800 टन कोयले का अवैध स्टॉक और एक पोकलेन मशीन जब्त की गई थी। खनिज विभाग ने कोयले की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने जबलपुर स्थित लैब भेजे थे। लैब रिपोर्ट में कोयले की पुष्टि होने और स्टॉक के सत्यापन के बाद विभाग ने जुर्माने का नोटिस जारी किया था। प्रशासन की सख्ती के चलते कारोबारी ने जुर्माने की पूरी राशि जमा कर दी है। इस कार्रवाई से जिले के माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को 5 वर्ष का कारावास

**सतना।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश,ने एक हृदयविदारक मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा 41 वर्ष को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 15,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना कोटर के ग्राम इटौर का है,जहां मामूली विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या का प्रयास किया था।

### घटना का विवरण

शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा के अनुसार, घटना 9 फरवरी 2022 की है।आरोपी ओमप्रकाश ने रात 10 बजे अपनी पत्नी खुशबू विश्वकर्मा से गरम खाना मांगा। खाना तैयार न होने पर विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने पहले हाथ-थप्पड़ से मारपीट की और फिर घर में रखे मिट्टी के तेल को पत्नी पर डालकर माचिस से आग लगा दी। इस हमले में खुशबू के पेट,गर्दन और हाथ बुरी तरह जल गए। गंभीर अवस्था में आहत को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया,जहां पुलिस ने उसके और परिजनों के बयान दर्ज किए। चिकित्सकों की राय थी कि यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती,तो खुशबू की मृत्यु हो सकती थी। पुलिस ने धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की। वैज्ञानिक प्रयोगशाला सागर की रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और उसे जेल भेज दिया।

## फर्जी बिलों से भुगतान हड़पने वाला संविदाकार सलाखों के पीछे



**सतना।** शहर की सिटी कोतवाली पुलिस ने सरकारी राशि के गबन और धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने षड्यंत्रपूर्वक फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से स्कूलों के मरम्मत कार्य का भुगतान प्राप्त करने की कोशिश करने वाले संविदाकार सत्यव्रत तिवारी को गिरफ्तार किया है। फरियादी पवन कुमार श्रीवास्तव की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी सत्यव्रत तिवारी 35 वर्ष,जो मऊगंज जिले का निवासी है,ने 06 स्कूलों के मरम्मत कार्य से संबंधित फर्जी देयक (बिल्स) तैयार किए थे।वह इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी खजाने से राशि हड़पने की फिराक में था। थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की,जिसमें अपराध की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत धोखाधड़ी और षड्यंत्र का मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## बैटरी चोरी का आरोपी 24 घंटे के अंदर सलाखों के पीछे

**सतना। शहर में अपराध नियंत्रण और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए बैटरी चोरी के एक मामले का खुलासा कर आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।**

### क्या था मामला?

जानकारी के मुताबिक,पंजाबी कॉलोनी निवासी फरियादी किशन अग्रवाल ने 23 जनवरी 2026 को अपनी बैटरी चोरी होने की शिकायत थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कराई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 113/26 दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के कुशल निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साक्ष्य जुटाए और घेराबंदी कर आरोपी अरविंद उर्फ राजा वंशकार उम्र 24 वर्ष,निवासी बजरहा टोला को धर दबोचा।आरोपी अरविंद उर्फ राजा वंशकार 24 वर्ष के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत मशरूका (माल) बरामद कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

## बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी पर हमला, रास्ते में जानवर बांधने से टोकने पर दबंग ने फोड़ा सिर

**सतना।** शनिवार को मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुरवा में उस समय सनसनी फैल गई,जब सुप्रसिद्ध 'बड़े हनुमान मंदिर' के पुजारी पर एक स्थानीय दबंग ने जानलेवा हमला कर दिया। विवाद की जड़ मंदिर मार्ग पर जानवरों को बांधकर रास्ता अवरुद्ध करना बताया जा रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

शनिवार होने के कारण मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ थी। मंदिर के पुजारी अमित गौतम 40 वर्ष सुबह लगभग 10 बजे मंदिर पहुंचे थे। मंदिर मार्ग पर स्थित दामोदर उरमलिया नामक व्यक्ति ने अपने मवेशियों को मुख्य रास्ते पर बांध रखा था,जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। जब पुजारी अमित गौतम ने व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से दामोदर से मवेशियों को घर के अंदर या किनारे बांधने का आग्रह



किया,तो आरोपी भड़क गया।

### गाली-गलौज और पत्थर से हमला

प्रत्यक्षदर्शियों और दर्ज एफआईआर के अनुसार,टोकने पर आरोपी दामोदर उरमलिया अपना आपा खो बैठा और पुजारी को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पास ही पड़ा एक पत्थर उठाकर पुजारी के सिर पर दे मारा,जिससे वह लहूलुहान हो गए। आरोपी ने उन्हें लात-घूसों से भी पीटा और शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुजारी ने बताया कि मैंने सिर्फ रास्ता साफ करने को कहा था ताकि भक्तों को दिक्कत न हो,लेकिन दामोदर ने गाली-गलौज करते हुए पत्थर से हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए शुभम गौतम और सचिन गौतम आए, वरना अनहोनी हो सकती थी। घटना के तुरंत बाद घायल पुजारी मझगवां थाना पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस ने मारपीट और गाली-गलौज की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और हनुमान भक्तों में भारी आक्रोश है।लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है ताकि मंदिर की गरिमा और सुरक्षा बनी रहे।

## महापौर कप 2026: वार्ड 22 और वार्ड 30 के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

### बालिकाओं का मैत्री मैच रहेगा विशेष आकर्षण

**सतना। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में आयोजित 'टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट महापौर कप 2026' अपने रोमांचक पड़ाव पर पहुँच गया है। शनिवार को संपन्न हुए सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद अब वार्ड 22 और वार्ड 30 की टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी।**

### सचिन मिश्रा बने मैन ऑफ द मैच



पहला सेमीफाइनल वार्ड 30 और वार्ड 40 के बीच हुए मुकाबले में वार्ड 30 ने शानदार खेल दिखाते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सचिन मिश्रा को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरा सेमीफाइनल वार्ड 22 और वार्ड 34 के बीच खेले गए मैच में वार्ड 22 ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम के सामने 140 रनों का विशाल लक्ष्य रखा और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। अतिथियों की उपस्थिति सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान रामपुर विधायक विक्रम सिंह 'विक्की भैया' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर योगेश ताम्रकार ने की। इस अवसर पर आयकर उपायुक्त राकेश समदरिया,स्पीकर राजेश चतुर्वेदी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में डॉ.श्रीराम मिश्रा,रितेश त्रिपाठी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

### आज होगा महामुकाबला

रविवार,25 जनवरी को होने वाले फाइनल मैच में भाजपा संभाग प्रभारी विजय दुबे मुख्य अतिथि होंगे। फाइनल मुकाबले के साथ-साथ सतना की बालिकाओं के बीच एक मैत्री मैच भी खेला जाएगा,जो दर्शकों के लिए इस टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण होगा।

## पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल संपन्न, कलेक्टर और एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

**सतना।** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह को गरिमामय ढंग से मनाने के लिए शनिवार, 24 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था और कार्यक्रमों की बारीकियों का निरीक्षण किया। रिहर्सल के दौरान अपर कलेक्टर विकास सिंह ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाते हुए प्रतीक स्वरूप ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। रिहर्सल में विभिन्न पुलिस प्लाटूनों के कदमताल और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।



## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद में महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महेबा में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महैबा निवासी भूरी बाई पति सोनेलाल रजक (45 वर्ष) का रामरतन राजपूत से जमीन संबंधी विवाद न्यायालय में लंबित है। 23 जनवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे भूरी बाई अपने खेत में बटरी की कटाई करने गई थी। इसी दौरान उसने देखा कि आरोपी रामरतन राजपूत उसके खेत की फसल काट रहा था।महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के बाल पकड़कर उसे जमीन पर घसीटा और मुंह पर मुक्का मार दिया, जिससे उसके मुंह से खून निकलने लगा। महिला की चीख-पुकार सुनकर उसकी बड़ी बहू प्रीती रजक एवं पति सोनेलाल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।आरोप है कि जाते समय आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज पुलिस ने धारा 296(ए), 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### गाली-गलौज और मारपीट का मामला दर्ज


**अमानगंज।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गड़ोखर में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रवि कुशवाहा पिता पप्पू कुशवाहा (17 वर्ष) निवासी गड़ोखर ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 जनवरी 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपने दोस्तों के साथ गांव में मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही प्रधुम्न मिश्रा वहां आया और बिना कारण गाली-गलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर आरोपी ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के दाहिने पैर में चोट आई।घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए ग्रामीणों ने मामला शांत कराया। आरोपी द्वारा दोबारा गाली देने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद फरियादी डर के कारण तत्काल रिपोर्ट नहीं कर सका, बाद में हिम्मत जुटाकर 24 जनवरी 2026 को थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने मामले में धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले की जांच कार्यवाहक उप निरीक्षक बुद्धिलाल कोल द्वारा की जा रही है।

### 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत



**पन्ना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्तधारा निवासी 22 वर्षीय युवक राजकरण सिंह की गुरुवार देर रात मौत हो गई। मृतक राजकरण सिंह अपनी पत्नी अर्चना सिंह के साथ शाहनगर की नई बस्ती में किराए के मकान में निवासरत थे। परिजनों के अनुसार राजकरण सिंह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज जारी था। गुरुवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने पर करीब 10 बजे पत्नी अर्चना सिंह, मकान मालिक विक्रम सिंह की मदद से उन्हें शाहनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचीं, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### छात्राओं ने किया चित्रकूट का शैक्षणिक भ्रमण



**पवई।** पवई के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा शैक्षणिक भ्रमण तथा औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यालय की छात्राओं तथा स्टॉफ सहित 90 लोग चित्रकूट गए। वहां पर छात्राओं को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। कामदगिरि का परिक्रमा कराया गया। अत्रि मुनि आश्रम , रामदर्शन , गुप्त गोदावरी तथा हनुमान धारा आदि का भ्रमण कराया गया। व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड हेल्थ केयर की छात्राओं को सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट का औद्योगिक भ्रमण कराया गया इस अवसर पर प्राचार्य राम चरण गुप्ता, मनोज कुमार पटेल, कपिल बागरी , श्रीमती ज्योति सिंह, श्रीमती अनुसुइया गुप्ता, श्रीमती मीनू बागरी, पूजा मरावी तथा श्री हरिशंकर प्रजापति भ्रमण में शामिल हुए।

# धरमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान के खेत से सिंचाई मोटर चोरी करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

### आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये दोनों मोटर कीमती करीब 20 हजार रुपये के किये गये जप्त

**अजयगढ**



पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में, पन्ना पुलिस को धरमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान के खेत से सिंचाई विद्धुत मोटर चोरी के मामले मे 02 दो आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किये विद्धुत मोटर का बरामद करने मे सफलता प्राप्त हुई है। फरियादी दुर्जन लोध निवासी इमलाहट द्वारा थाना धरमपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है तथा रुंझ नदी के घरघटा घाट पर अपने खेत की सिंचाई हेतु दो विद्युत मोटर पम्प लगाए हुए था। दिनांक 19/01/2026 को शाम लगभग 07 बजे सिंचाई कर मोटर बंद कर वह अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब पुनः सिंचाई करने पहुंचा तो मौके से दोनों मोटर पम्प गायब थे तथा विद्युत तार कटी हुई थी। अज्ञात चोर द्वारा सिंचाई मोटर पम्प चोरी कर लिए गए है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में धारा 303(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गयझं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ श्री राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया, आसपास के क्षेत्रों में मुखबिर सक्रिय किए गए तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा 02 संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी रामरतन उर्फ रत्ती राजपूत द्वारा बताया गया कि वह ग्राम सल्हाई का निवासी है एवं खेती-किसानी का कार्य करता है। उसके खेत के बगल में ग्राम राजापुर निवासी राजकुमार खंगार का खेत है, जिससे दोनों की आपसी जान-पहचान हो गई थी। दिनांक 19/01/2026 को दिन के समय खेत पर बातचीत के दौरान आरोपी रामरतन द्वारा अपने साथी राजकुमार खंगार को बताया गया कि ग्राम इमलाहट स्थित रंज नदी के घरघटा घाट पर सिंचाई की मोटर रखी रहती है तथा रात्रि में वहां कोई नहीं रहता। दोनों ने उक्त मोटरों को चोरी कर बेचने एवं प्राप्त राशि को आपस में आधा-आधा बांटने की योजना बनाई। योजना के अनुसार दिनांक 19/01/2026 की रात्रि लगभग 09:00 बजे से 11:00 बजे के मध्य दोनों आरोपी रंज नदी के घरघटा घाट, ग्राम इमलाहट पहुंचे, जहां रखी दो विद्युत सिंचाई मोटर पम्पों के सेक्शन तोड़कर एवं विद्युत तार हटाकर दोनों मोटर पम्प चोरी कर ले गए। चोरी उपरांत एक मोटर पम्प आरोपी राजकुमार खंगार के हिस्से में आई, जिसे आरोपी रामरतन द्वारा रंज नदी के किनारे स्थित कालिका देवी मंदिर के पीछे पहाड़ के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखना बताया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा मौके से जप्त किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी-** 1. रामरतन उर्फ रत्ती राजपूत, पिता भगवानदास राजपूत, उम्र 25 वर्ष, निवासी सल्हाई, थाना धरमपुर, जिला पन्ना (म.प्र.) 2. राजकुमार खंगार, पिता रामगोपाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम राजापुर, थाना धरमपुर, जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदान-**उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. अशोक प्रजापती, दुलीचन्द्र आर. अजीत, वरुण, बृजेश, प्रमोद का सराहनीय योगदान रहा।

# साईकिल पाकर बच्चियों हुई खुश, गांव से अजयगढ़ की यात्रा होगी आसान



### 12वी के बाद कॉलिज जाने के लिये सायकिल वितरित

### राष्टीय बालिका दिवस के अवसर पर 20 सायकिल वितरित

**अजयगढ।**

ग्राम पंचायत पाठा में एसबीआई फाउन्डेसन के सहयोग से सीपा संस्था द्वारा राष्टीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 3 ग्राम की 20 बच्चियों साईकिल वितरित की गई। एसबीओई सेवाग्राम कार्यक्रम सीपा संस्था के सहयोग से अजयगढ़ के पांच गांव पाठा, रायपुरटपरिया, बनहरीखुर्द, हनुमतपुर एवं बनहरीकला में संचालित किया जा रहा है। सायकिल वितरण का उद्देश्य-ऐसी बाच्चीया जिन के घरो से स्कूल की दूरी ज्यादा होने के कारण नियमित स्कूल नही जा पाती है, परिवार की अर्थिक स्थिती अच्छी ना होने के कारण बच्चीयो को साईकिल नही खरीद सकते खास कर बच्चीयो को। बच्चीया नियमित स्कूल जा सके, साथ जो बालिकाओं पढाई छोड चुकी है, या मिडिल की पढाई के बाद पढाई बंद कर देती हैद्य वो बालिकाऐ प्रभावित होकर आगे पढाई के लिऐ तैयार हो सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रुप में उपसरपंच राम औतार, पंचायत सचिव पप्पू कोंदर, सीपा संस्था की कार्यक्रम प्रबंधन पूजा सिंह, फिल्ड अफिसर प्रदीप कुमार, मनोज, हर्ष गुप्ता, सोमेश उरमलिया, समीक्षा चौबे ग्राम सेवक शिवचरण कुशवाहा जीतेन्द्र यादव, प्रभा गोंड़ अदि उपस्थित रहे।

# छत्रसाल पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस का भव्य आयोजन





**पन्ना।**

छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी के संरक्षण में महाविद्यालय के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नाटक, गायन एवं वक्तव्य के माध्यम से बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ, बाल-विवाह के रोकथाम के संदर्भ में अपनी रोचक प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने महाविद्यालय के सभी पदक विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ष्आज हर क्षेत्र में बेटियां बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा से नित नए स्वर्णिम आयाम रच रही हैं, जोकि एक सशक्त समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी मिश्रा, डॉ जे के वर्मा, डॉ मनोरमा गुप्ता, डॉ आर एम दत्ता, डॉ एम के शुक्ल, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ निशांत खरे, डॉ राजेश शर्मा,श्री मति वंदना सिंह, सुश्री वर्षा सिंह, श्री जय चौरसिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएससी चतुर्थ वर्ष में स्वर्ण पदक विजेता कुमारी आस्था मिश्रा उपस्थित रही। आस्था मिश्रा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों को दिया। कार्यक्रम का संचालन बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रिया कोरी, विषय प्रवर्तन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशनी गुप्ता एवं आभार श्री अरविंद निषाद ने किया।

## विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने घर पहुँचकर बँधाया ढांढस

# जरधोवा में जंगली जानवर के हमले में मासूम की मौत

### पन्ना टाइगर रिजर्व ने 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

### वहीं पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपनी विधायक निधि से 15 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा



**पन्ना।**

विगत दिनों पन्ना जिले के ग्राम जरधोवा में जंगली जानवर के शिकार हुए आदिवासी बालक की दुखद मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस कठिन समय में पीड़ति परिवार को सांत्वना देने और हर संभव मदद पहुँचाने के लिए स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्राम जरधोवा पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। विधायक के साथ पन्ना टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर बृजेन्द्र पटेल भी उपस्थित रहे। पीड़ति परिवार की आर्थिक स्थिति और भविष्य को देखते हुए प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, विधायक ने अपनी विधायक निधि से 15,000 रुपये की अतिरिक्त आर्थिक मदद देने की घोषणा भी की। संवेदना व्यक्त करते हुए कही ये बात शोक संतप्त परिवार से भेंट के दौरान विधायक भावुक नजर आए। उन्होंने कहा एक बच्चे को खोने का दर्द अपूरणीय है, जिसकी भरपाई दुनिया की कोई भी धनराशि नहीं कर सकती। यह पूरे क्षेत्र के लिए एक अत्यंत दुखद क्षति है। मेरी गहरी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं और मैं विश्वास दिलाता हूँ कि भविष्य में भी परिवार को जिस भी मदद की आवश्यकता होगी, उसके लिए मैं सदैव तत्पर रहूँगा।

# संघ शताब्दी वर्ष पर जगात चौकी बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन, उमड़ा जनसैलाब






**पन्ना।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिंदू सम्मेलन पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार 24 जनवरी 2026 को पन्ना नगर की जगात चौकी बस्ती स्थित ग्रैंड शहनाई गार्डन में विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र सामाजिक-धार्मिक उत्साह से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम में संत समाज से सत्यम कृष्ण शास्त्री, मुख्य अतिथि रिटायर्ड डिप्टी रेंजर मेघराज सिंह, मुख्य वक्ता रुद्र प्रताप सिंह यादव तथा कार्यक्रम संयोजक रिटायर्ड एसडीओ सुरेंद्र खरे मंचासीन रहे। वहीं बुंदेलखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका शांति पटेल ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने उद्बोधन में संत सत्यम कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह सम्मेलन किसी एक वर्ग या समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों को जोड़ने वाला विशाल हिंदू सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य सामाजिक समरसता, एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करना है। मुख्य वक्ता रुद्र प्रताप सिंह यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और समाज बिखराव की स्थिति में था, तब डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना कर समाज को संगठित करने का कार्य प्रारंभ किया। वर्षों की साधना, संघर्ष और सेवा के परिणामस्वरूप आज संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने समाज में 'पांच परिवर्तन' की आवश्यकता पर बल देते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्वदेशी पहनावे और स्वदेशी खान-पान को अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन का समापन राष्ट्र और समाज के प्रति एकजुट होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।



## राजा दहार मंदिर चोरी मामले में एक माह होने जा रहे है फिर भी खुलासा नहीं, विहिप-बजरंग दल की नगर बंद की चेतावनी

**पन्ना।**

देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र दी 39 पन्ना रोड स्थित राजा दहार मंदिर में हुई चोरी की घटना को लगभग एक माह बीत रहे है, लेकिन अब तक देवेंद्रनगर पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल में गहरा रोष व्याप्त है। आदित्य दत्त पाठक, जिला मंत्री, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, पन्ना ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर चोरी का खुलासा नहीं किया गया, तो संगठन द्वारा देवेंद्रनगर बंद का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल चोरी नहीं, बल्कि हिंदू आस्था पर हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद लगातार पुलिस को अवगत कराने के बावजूद न तो आरोपी पकड़े गए हैं और न ही चोरी गए सामान की बरामदगी हो सकी है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विहिप-बजरंग दल ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# ग्राम सभाओं को लेकर क्या नोडल अधिकारी को दी जायेगी हिदायत

### वास्तविकता में ग्रामसभाओं का हो आयोजन

**पन्ना।**



ग्राम सभाओं से ही आम जनता को योजनाओं के क्रियावन्यन की जानकारी होती है क्या वास्तविकता में आम जनता के अधिकारों व ग्राम स्तर पर योजनाओं को लेकर जनता में जानकारी व जागरूकता को लेकर राष्ट्रीय पर्व में ही सही ग्राम सभा की वास्तविकता पर कराये जाने को लेकर क्या होगा जोर। जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को लेकर जहां ग्राम सभाओं का आयोजन जो किया जाता है। इस पर कहीं न कहीं नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी वास्तविकता में ग्राम सभाओं का आयोजन कराया जाये। ताकि आम जनता को शासन की योजनाओं के क्रियान्यन की जानकारी हो तथा ग्राम सभा में आम आदमी को अपने ग्राम के विकास को लेकर योजना बनाने का जो अधिकार है उसकी जानकारी आम जनता को हो। साथ ही जागरूकता भी ग्राम सभा से जानी जाती है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को तभी सुष्चित हो पायेगा जब वास्तविकता में ग्राम सभाओ का आयोजन कराया जायेगा। जब तक कागजी आंकड़ों में ग्राम सभायें होती रहेगी तब तक आम जनता की भागीदारी ग्राम के विकास में सायद सुनिष्चित होना कोसों दूर होगा। निष्चितौर पर जहां ग्रामों के विकास को लेकर ग्राम सभा के निर्णय जो जरूरी है। जहां आम जनता जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के साथ जिनकी आज जरूरत है। उन पर अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए ग्राम सभा में ही निर्णय लेकर अंजाम तक पहुंचाने के लिए प्रयास करेगी। वहीं पंचायतों की बात करें तो उप सरपंच के चुनाव के बाद न ही पंचायतों की बैठकें होती है और न ही वास्तविकता में ग्राम सभाओं का आयोजन होता जिसके चलते पंचायत महज सरपंच सचिव व जीआरएस तक सीमित रह जाती है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा भले ही ग्राम सभाओं के प्रस्ताव को मानकर विकास की दिषा तय की जाती है। पर यहां तो पंचायत महज एक कार्य एजेन्सी होकर ज्यादातर स्वयं के हितलाभ के कार्यों को अंजाम देते है। जबकि आम जनता व ग्रामों के हित में जिन विकास कार्यों को प्राथमिकता पर कराया जाना जरूरी है। आज भी जनहित में क्यों ग्रामों में गौर नहीं किया जाता। इसकी सबसे बड़ी बजह कहीं न कहीं ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत या ग्रामों में वास्तविकता में न कराया जाना ही माना जाता है। कागजी आंकड़ों में आखिर ग्राम सभाओं का कोरम पूरा करके विकास की दिषा भले ही तय की जाये पर आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित ग्राम सभाओं में जानकारियां प्रदान की जाये तथा ग्राम के विकास को लेकर योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए जानकारी भी दी जाये। ताकि वास्तविकता में ग्राम के विकास में ग्राम सभा का निर्णय जो सर्वोपरी है वह सार्थक हो सके। कार्य योजनाओं को बनाने में ग्राम सभाओं को जानकारी तक नहीं होती यह कहां तक लाजमी है। इतना ही नहीं कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव ग्राम सभाओं के पंचायत के माध्यम से भले ही निजी लोगों को लाभ प्रदान किये जाने को लेकर प्रदान कर दिये जाते है। जैसे क्रेसर लगाने व कोई लीज प्रदान करने ग्राम सभा का प्रस्ताव बिना ग्राम के लोगों के जानकारी के कैसे प्रदान कर दिये जाते है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत हो या ग्राम सभा न ही ग्राम पंचायत के सरपंचों को ग्राम पंचायत की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है और न ही ग्राम सभायें वास्तविकता में कराई जाती है जिसके चलते कैसे जमीनी स्तर पर आम जनता के हित में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ संभव हो सकता है। वहीं ग्रामों के विकास में जो कार्य जरूरी है इनकी कार्ययोजना तथा कार्यों को स्वीकृत करने के लिए जो निर्णय ग्राम सभा को लेना है वह फर्जी रूप से कागजी आंकड़ो में भले ही दर्षा दिये जाये पर वास्तविकता में ग्राम सभाओं के आयोजन को लेकर जब तक नोडल अधिकारियों दृढ़ता के साथ ग्राम सभाओं को कराये जाने को लेकर दायित्व नहीं सौंपे जायेगें तब तक सायद आम जनता को ग्राम सभा को लेकर कोई अधिकार वास्तविकता में पालन न कराये जाने को लेकर माना जायेगा। देखना यह है कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस में ही सही ग्राम सभाओं का आयोजन वास्तविकता में कराये जाने को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन क्या होगा तय।

## खबर संक्षेप

### छतरपुर में 28 जनवरी को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई.टी.आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 28 जनवरी 2026 बुधवार को प्रातः 11 बजे से छतरपुर जिले के महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के परिसर में 1 दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियों भाग ले सकते हैं। इस मेले में 8वी से स्नातक, आई.टी.आई योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात, वर्धमान यार्न मण्डीदीप प्रा. लि.भोपाल, एडु एडवांटेज प्राइवेट लि. सागर, टेलेंट कॉर्प सोल्युसन प्रा.लि, एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, एसबीआई लाईफ छतरपुर, पुखराज हेल्थकेयर प्रा. लि. झांसी, ग्रेट ऑर्गनिक डायमंड प्रा. लि.,गेल इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल्स, लि. गुना, जीआईएस इंडिया लिमिटेड पुणे, प्रतिभा सिंटेक्स प्रा.लि. पीथमपुर, क्विश कॉर्प अहमदाबाद, एन ट्रैक ऑटोमोटिव प्रा. लिमिटेड आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि विभिन्न पदों हेतु वेतनमान योग्यतानुसार लगभग 8 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह है।

### फर्जी वर्क ऑर्डर देकर युवाओं से ठगे लाखों

**दमोह।** शातिर लोग रोजगार दिलाने का झांसा रोजाना अनेक युवाओ को ठगी का शिकार बना रहे हैं। कुछ इसी प्रकार का मामला पुलिस अधीक्षक दमोह के संज्ञान में लाया गया है। सागर जिले के निवासी प्रतीक तिवारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर गुहार लगाई और बताया है कि वह और उसके साथी शिवम राव निवासी भाटिया को उसकी जान पहचान के विजेंद्र राठौर ने उनकी मुलाकात इंदौर निवासी रोहित पटेल और प्रदीम पटेल से कराइ थी। रोहित पटेल और प्रदीम ने खुद को ट्रिक्स एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड का सीईओ और डायरेक्टर बताया था। उनका कहना था कि उनकी सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से अच्छी बातचीत है जिससे फार्म के नाम पर सरकारी वर्क ऑर्डर जारी करवा देते है। उनकी कंपनी देश भर में बड़े स्तर पर काम कर रही है। अस्सी लाख डिपॉजिट करने की बात कही आवेदक एवं शिवम राव व उसके अन्य साथियो ने पार्टनरशिप में पैसा जमा कर रोहित और प्रदीम पटेल को दे दिए थे। उसके बदले उसने गंगा ट्रेडर्स दमोह के नाम पर मंडला जिला का वर्क ऑर्डर दे दिया जब आवेदक मंडला काम लेने गया तो जिला प्रबंधक मंडला ने उक्त वर्क ऑर्डर को फर्जी बताया, और अब संबंधित कंपनी बंद कर आरोपों भाग गए है। उन पर करवाही हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### पेट्रोल पंप पर रंगदारी दिखाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** ओम समृध्दि पेट्रोल पंप पुरेनयाऊ के मैनेजर से रंगदारी से शराब पीने के लिये पैसा मांगना पैसा न देने पर गालिया देकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को थाना जबेरा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 19.01.2026 को ओम समृध्दि फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पुरनयाऊ के मैनेजर राकेश जैन पिता भागचंद जैन उम्र 50 साल निवासी नेमी नगर कालोनी दमोह हाल ओम समृध्दि फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप पुरनयाऊ ने थाना जबेरा में आरोपी निखलेश मिश्रा निवासी जबेरा, सौरभ झारिया निवासी डेलनखेडा के विरूध्द शराब पीने के लिये पैसा मांगने पैसा न देने पर मां बहिन की गालिया देकर चाटा से मारपीट करना एवं लोहे के पाईप से आफिस के कैबिन पर तोड फोड करने एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर आरोपियान उक्त के विरूध्द थाना जबेरा में प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना जबेरा से पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की गयी जो प्रकरण के आरोपीयान निखलेश मिश्रा, सौरभ झारिया को जिला जबलपुर से प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया।आरोपियो को जे.आर. पर माननीय न्यायालय में पेश किया गय। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरी. विकास सिंह चौहान,, सउनि अशोक कुमार सिंह, प्र. आर. सत्येन्द्र दुबे, प्र.आर. आनंद यादव, आर. विवेक कटारे, चालक आर. प्रमोद बेन सैनिक राहुल शर्मा दमोह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### कलेक्टर पार्थ जैसवाल करेंगे ध्वजारोहण

# छतरपुर में गणतंत्र दिवस की फाइनल परेड रिहर्सल पूरी

छतरपुर।

गणतंत्र दिवस-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिले में मुख्य समारोह को लेकर पुलिस लाइन ग्राउंड में फाइनल परेड की रिहर्सल सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया।



*जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल 26 जनवरी को मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। रिहर्सल के अवसर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।*

*जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अर्जरिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया है। परेड, सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुचारू एवं भव्य रूप से संपन्न हो सके।*

*रिहर्सल में पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्कूली बच्चों के दल शामिल हुए। अधिकारियों ने परेड की कमियों को चिह्नित कर सुधार के निर्देश दिए।*

*यह आयोजन पुलिस लाइन ग्राउंड में ही होगा, जहां सुबह निर्धारित समय पर ध्वजारोहण के बाद परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी। जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें।*



## राजनगर के उदयपुर आश्रम पर लगाया गर्भवती माताओं के लिए स्वास्थ्य शिविर

**छतरपुर। जिले के उदयपुर आश्रम पर स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर एवं एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वाधान में 24 जनवरी को बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गर्भवती माता के लिए कराया गया। जिसमें राजनगर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिलाओं का बीपी शुगर खून की जांच की गई। उन्हें गर्व के दौरान दी जाने वाली आवश्यक दवाएं एवं डॉक्टरी सलाह भी दी गई।**

स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर सोसाइटी में उनकी समिति में पंजीकृत लगभग 300 गर्भवती माता को निशुल्क पोषण आहार सामग्री का विवरण किया गया। जिसमें काजू दाख मखाना छुहारा दलिया गुड इत्यादि पोस्टिक आहार शामिल थे। समिति लगातार 9 महीने तक गर्भवती महिलाओं की देखभाल उन्हें पौष्टिक आहार का वितरण कर रही है, ताकि महिलाओं से पैदा होने वाले शिशु स्वस्थ हो एवं माता की मृत्यु दर में भी कमी लाई जा सके। आज के इस शिविर में आरसी फाउंडेशन, एस सी जस्टिस अग्रवाल, प्रेसिडेंट-हरगोविंद पांडेय, डॉक्टर रुचि शर्मा, डॉक्टर आकांक्षा अहीरवार, डॉक्टर नेहा अरजरिया, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट्स एंड ऑल ब्लॉक टीम सभी ने मिलकर सहयोग किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बक्सवाहा

**राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बक्सवाहा में पुलिस विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस सब-इंस्पेक्टर अवधेश दुबे ने छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं को सुरक्षा जागरूकता, बाल विवाह निषेध कानून एवं बालिकाओं के अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से स्वयं जागरूक बनने और समाज में भी जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।**



श्री दुबे ने बालिकाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानियों, आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने की प्रक्रिया तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कैरियर मार्गदर्शन, डिजिटल कौशल और तकनीकी ज्ञान को आत्मनिर्भरता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित शैलजा गीते ने बालिकाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस अवसर पर बीएसी राकेश तिवारी, छात्रावास वार्डन गुड्डी लोधी, सहायक वार्डन गया ठाकुर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्रावास की बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## जीवन बीमा निगम कार्यालय में हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता संपन्न



**छतरपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय छतरपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय की श्रीमती सीमा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी विद्यालय के अभिषेक जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे जबकि सीआरसी से सुश्री प्रीति यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शाखा प्रबंधक नवीन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्र दुबे तथा विशिष्ट अतिथि बीएड कॉलेज की रिटायर्ड प्राचार्य विनीता गुप्ता रही। संचालन प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुमार दुबे ने किया जबकि आभार प्रदर्शन विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। श्री दुबे ने कविता की महत्ता पर प्रकाश डाला, जबकि श्रीमती गुप्ता ने वसंत ऋतु पर बहुत जोरदार कविता पाठ भी किया, नवीन शर्मा ने कविताओं के माध्यम से दिए जाने वाले सामाजिक संदेशों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में बृजेश कुमार पटेल, मोहम्मद आरिफ, विनोद कुमार पुष्पद, सौरभ त्रिपाठी, केशव सिंह सेंगर,लक्ष्मी रैकवार, शरद गुप्ता आदि ने भी काव्य पाठ किया। आयोजन में आकाशवाणी, भारतीय स्टेट बैंक, नेहरू युवा केंद्र आदि की भी भागीदारी रही। आभार प्रदर्शन प्रिया जैन ने व्यक्त किया।

# छतरपुर में शोधार्थी गौरव द्विवेदी को दर्शनशास्त्र में पीएचडी उपाधि प्रदान




**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (मध्य प्रदेश) के दर्शनशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र से शोधार्थी गौरव द्विवेदी को दर्शनशास्त्र विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल द्वारा दिनांक 23 जनवरी 2026 को दी गई।

श्री गौरव द्विवेदी ने कला संकाय के अंतर्गत अपना शोध-प्रबंध सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसका शीर्षक द कॉन्सेप्ट ऑफ प्रकृति एण्ड पुरूष इन द फिलॉस्पी ऑफ महामती प्राणनाथ है। इस शोध में महामति प्राणनाथ के दार्शनिक चिंतन में प्रकृति और पुरुष की अवधारणा का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, इसे भारतीय दर्शन की परंपरागत धाराओं जैसे वेद, उपनिषद, गीता तथा सांख्य दर्शन आदि के साथ तात्विक संबंधों को स्पष्ट रूप से स्थापित किया गया है। यह उपलब्धि गौरव द्विवेदी के अकादमिक जीवन की एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने अपने गुरुजनों, परिवारजन तथा सभी शुभचिंतकों के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की है, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हुई।

# मौसम का अचानक बदलाव: कोहरे के साथ बढ़ी ठंड, लोग खुश

कोहरे के कारण वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है

**छतरपुर। छतरपुर जिले में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। कुछ दिन पहले तक बढ़ती गर्मी से लोग परेशान थे, लेकिन आज सुबह से ही मौसम में बड़ा बदलाव आया है। घना कोहरा छाया हुआ है और ठंड काफी बढ़ गई है। मौसम अब खुशनुमा और सर्द हो चुका है, जिससे लोगों को राहत मिली है।**



स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में दिन का तापमान काफी बढ़ गया था और गर्मी महसूस हो रही थी। लेकिन आज सुबह उठते ही ठंडक का एहसास हुआ। कोहरा इतना घना है कि दूर की चीजें साफ नजर नहीं आ रही हैं। कई लोगों ने इसे सर्दियों का असली मजा बताया और कहा कि अब मौसम ठीक हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार जनवरी के इस समय में छतरपुर में कोहरा और न्यूनतम तापमान में गिरावट आम बात है। आज न्यूनतम तापमान 11-13 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा सकता है, जबकि दिन में अधिकतम तापमान 20-25 डिग्री तक रहने की संभावना है। कोहरे के कारण सुबह के समय दृश्यता कम रह सकती है। लोगों का कहना है कि यह बदलाव स्वागतयोग्य है। कई परिवारों ने अब गर्म कपड़े निकाल लिए हैं और ठंड का आनंद ले रहे हैं। हालांकि, कोहरे के कारण वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

### प्रशासन सख्त, एसडीएम ने किया निरीक्षण

# बुंदेलखंड गौशाला में गोवंशों की भूख-ठंड से मौत

नौगांव।

**नगर स्थित बुंदेलखंड गौशाला में हाल के दिनों में भूख एवं ठंड के कारण गोवंशों की मौत के गंभीर मामले के बाद जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।**



शनिवार को नौगांव के एसडीएम गोपाल शरण पटेल एवं तहसीलदार रमेश कॉल ने गौशाला का पुनः निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गौशाला की लगभग 86 एकड़ भूमि में से बड़े हिस्से पर संचालक द्वारा खेती एवं वृक्षारोपण किया गया है, जबकि गौशाला में निवासरत गोवंशों के लिए पर्याप्त चारे एवं ठंड से सुरक्षा की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई थी। एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने बताया कि गौशाला में वर्तमान में 700 से 800 गोवंश मौजूद हैं। उनके ठहरने हेतु स्थान उपलब्ध है, किंतु भोजन एवं शीतकालीन सुरक्षा की व्यवस्थाओं में गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। इसी लापरवाही के फलस्वरूप हाल ही में दो दर्जन से अधिक गोवंशों की मृत्यु हो चुकी है।

प्रारंभिक जानकारी में गौशाला प्रबंधन ने मृत्यु का कारण ठंड बताया था, परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हुआ कि मृत गोवंशों के पेट खाली थे तथा मुख्य मृत्युकारण भूख एवं शारीरिक कमजोरी था। निरीक्षण के समय एसडीएम द्वारा उन भूमि खंडों पर गोवंशों को छोडने की व्यवस्था की गई, जिन्हें संचालक ने पूर्व में उपयोग से बाहर रखा हुआ था। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि अब गौशाला परिसर में हरी घास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, चारा उत्पादन स्वयं गौशाला में ही कराया जाएगा तथा गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु समुचित प्रबंध किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गौशाला संचालक द्वारा कुछ निर्माण कार्य तो कराए गए हैं, किंतु गोवंश संरक्षण एवं उनकी उचित देखभाल की मूल जिम्मेदारी का पालन नहीं किया गया। मामला जिला एवं प्रदेश स्तर तक पहुंचने के पश्चात जिला प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाते हुए व्यवस्थाओं को सुधारने की ठोस पहल आरंभ कर दी है।

## बसंत पंचमी पर्व पर करणी सेना ने खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर में 551 द्वीप प्रज्ज्वलित किए



**खजुराहो।** बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर करणी सेना द्वारा खजुराहो के प्रसिद्ध चंदेलकालीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 551द्वीप प्रज्वलित करके भगवान के जयकारे लगाए। इस मौके पर सनातन धर्म की रक्षा हेतु जन जागरण किया गया, साथ ही आने वाली 04 मई को महाराजा छत्रसाल की जयंती कार्यक्रम को ऐतिहासिक तरीके से मनाने के लिए मौजूद सभी लोगों ने संकल्प लिया, जिसकी तैयारी अभी से शुरू करने का निर्णय लिया। इस अवसर परकरणी सेना जिला उपाध्यक्ष बुंदेला धीरू राजा, समाजसेवी जीत सिंह बुंदेला राजू राजा,मुन्ना सिंह,अमित राजा,आकाश राजा, रोहित राजा, इंद्रजीत, राजा,पूजल सिंह, ऋतिक, आनंद महाराज, हेमंत दाहिया, आयुष खरे, हर्ष सोनी, रविंद्र अहिरवार, राकेश रैकवार, वीरू सिगोट, रिंकू राजा, शीशेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में करणी सेना के लोग तथा धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री 26 जनवरी को आएंगे रीवा

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 26 जनवरी को सागर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत अपरान्ह 4 बजे प्रस्थान कर रात 9 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

### गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल संपन्न

**रीवा ।** जिले भर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उमंग के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई। रिहर्सल में ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली गई। पूर्वाभ्यास समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा कार्यक्रम में शामिल पुलिस जवान तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बेखौफ बदमाश ने शिल्पी प्लाजा में भरे बाजार 5 वाहनों के कांच फोड़े

**रीवा।** शहर में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शुक्रवार रात रीवा के अति व्यस्त शिल्पी प्लाजा क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने खुलेआम उत्पात मचाते हुए दहशत फैला दी। हाथ में डंडा लिए बदमाशों ने सड़क किनारे खड़ी चार पहिया वाहनों के कांच तोड़ दिए और मौके से फरार हो गए। इस घटना से पूरे बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की रात करीब 9 बजे दो युवक बाइक पर सवार होकर शिल्पी प्लाजा पहुंचे। एक युवक बाइक चला रहा था, जबकि दूसरा पीछे बैठा हुआ था और उसके हाथ में डंडा था। दोनों आरोपी तेज रफ्तार में बाजार से गुजरते हुए सड़क किनारे खड़ी फोर व्हीलर गाड़ियों को निशाना बनाते चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे बैठा युवक डंडे से वाहनों के कांच तोड़ता जा रहा था। करीब 500 मीटर के दायरे में खड़ी पांच चार पहिया गाड़ियों के कांच बदमाशों ने चकनाचूर कर दिए। अचानक हुई इस घटना से बाजार में मौजूद दुकानदारों और ग्राहकों में दहशत फैल गई।घटना की जानकारी मिलते ही वाहन मालिक मौके पर पहुंचे और अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को देखकर आक्रोशित हो उठे। बाइक में सवार कुछ लोगों ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन बदमाश तेज गति से फरार हो गए और कुछ ही दूरी पर उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पीड़ित वाहन मालिकों ने संबंधित थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बदमाशों ने किस कारण से इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

### उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की

# बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में राजेन्द्र दास करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा

**रीवा।** बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर अपनी अमृतमयी वाणी से कथा करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दास जी की कथा से गौ संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रूकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को दायित्व सौंपे जाएं। प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। शुक्ल ने कहा कि इस कथा में सभी की सक्रिय भागीदारी रहे। आयोजन स्थल में बनने वाला प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन के संबंध में जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वह सजगता से निर्वहन करें। उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसडीएम सिरमौर श्रीमती दृष्टि जायसवाल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के सचिव डॉ राजेश मिश्रा, राजेश पाण्डेय, विवेक दुबे, केके गर्ग सहित संबंधितजन तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा ।** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं एवं महिलाओं के सम्मान तथा सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय बालिका तथा महिला सम्मान समारोह का आयोजन होटल स्टार में संपन्न हुआ। जिला स्तरीय समारोह में मेधावी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही जिले के विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, विकासखण्ड में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंग समानता, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निषेध, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान रैलियाँ, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र, चित्रकला, निबंध, भाषण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित गया। कार्यक्रम में श्रीमती ममता नरेन्द्र मिश्रा, नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह एसएएफ ग्राउंड में होगा आयोजित

### मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुबह 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा ।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। मुख्य अतिथि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि सुबह 9.08 बजे से माननीय मुख्यमंत्र के गणतंत्र दिवस



संदेश का वाचन करेंगे। इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा। मुख्य अतिथि सुबह 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंग। समारोह के मुख्य अतिथि सुबह 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे। समारोह में सुबह 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा। समारोह में सुबह 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे। समारोह का समापन सुबह 11 बजे होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि दोपहर 12 बजे शासकीय उमावि बदरावं में आयोजित जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस की संध्या पर नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व के आयोजन में कवि सम्मेलन होगा।


## गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउन हॉल में गूंजेगा देशभक्ति का स्वर, होगा भव्य कवि सम्मेलन

**रीवा।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारत पर्व लोकतंत्र का लोक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम, रीवा में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस गरिमामय साहित्यिक आयोजन में देशभक्ति, राष्ट्रगौरव एवं सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र पर्व की गरिमा को और अधिक भावपूर्ण स्वर प्रदान किया जाएगा तथा आमजन को लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति को समर्पित काव्य पाठ हेतु डॉ. सुरेश श्रीवास्तव सौरभ मधु जैन 'माधवी', रामकृष्ण द्विवेदी, शानू राज 'बेख़ौफ़' तथा रघुवीर तिवारी 'योगी' अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। यह कवि सम्मेलन 26 जनवरी 2026 को सायं 06:00 बजे टाउन हॉल, नगर निगम रीवा में आयोजित होगा। नगर निगम प्रशासन ने साहित्य प्रेमियों एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक संध्या को सफल बनाने की अपील की है।

## ननि की तालाबंदी कार्रवाई के दौरान 9 बडे बकायादारों ने मौके पर चुकाया टैक्स, 2 पर हुई तालाबंदी की कार्रवाई

रीवा। शहर के विकास कार्यों को गति देने और राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम रीवा द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है। वसूली अभियान को तेज करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज कार्यवाही के दौरान गॉधी काम्पलेक्स प्रकाश चौराहा में दुकानदार शिवशंकर तिवारी की बकाया राशि 79230 रू. एवं लक्ष्मी नारायण चिकवा की बकाया राशि रू. 45853 रू. न जमा किये जाने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त प्रकाश चौराहा में दुकानदार सुनील सोनी एवं विकल्प गुप्ता द्वारा मौके पर चेक के माध्यम से बकाया राशि जमा कराई। इसी प्रकार सुपर मार्केट में दुकान क्र. 7 श्री मुरलीधर, दुकान क्र 8 खुशी देवी एवं लक्ष्मी मार्केट में दुकान क्र. 27 श्यामलाल, दुकान क्र. 31 होलाराम तथा अपना मार्केट में दुकान क्र. 6 जयरामदास, दुकान क्र. 8 गोपी छुगानी द्वारा दुकान की बकाया किराये की राशि तत्काल मौके में चेक/नकद के माध्यम से जमा की गई। इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, अतिक्रमण प्रभारी एवं उपराजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम की राजस्व टीम ने स्पष्ट किया है कि बकाया राशि न जमा करने वालो पर इसी तरह की तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। नगर निगम सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे समय पर अपना संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर नगर के विकास कार्यों में सहभागी बनें।

### उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोठी कम्पाउण्ड स्थित मनकामेश्वर मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराएं। शुक्ल ने निर्माण कार्य के संबंध में निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने भगवान आशुतोष के दर्शन किए।

### कमिश्नर होंगे राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**रीवा ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा के सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद समारोह का शुभारंभ करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी शामिल होंगी। समारोह में नए मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण किया जाएगा। समारोह में मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एसके बेक ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## दिनदहाड़े एक ही परिवार पर जानलेवा हमला,भाई-बहन और चाचा को लाठी-डंडों व पत्थरों से पीटा, तीनों घायल

**रीवा।** शहर के भीतर दिनदहाड़े कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। रीवा शहर के पीके स्कूल के पीछे स्थित इलाके में पड़ोस में रहने वाले सरहंग युवकों ने एक ही परिवार के भाई, बहन और चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने बिना किसी पूर्व विवाद के लाठी-डंडों से मारपीट की और पत्थरों से भी हमला किया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना में घायल ओमप्रकाश कोल ने अस्पताल में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार दोपहर वह अपने घर के पास मौजूद था, तभी पड़ोस में रहने वाले कुछ युवकों ने अचानक उस पर हमला



कर दिया। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने बिना किसी बातचीत या विवाद के मारपीट शुरू कर दी। जब ओमप्रकाश की बहन पूजा रावत और चाचा श्याम सुंदर कोल बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने पत्थर भी फेंके, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस घटना में करीब एक दर्जन लोग शामिल थे। मारपीट का आरोप पड़ोस में रहने वाले एक युवक और उसके अन्य साथियों पर लगाया गया है। हमले की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हरिहरपुर में किसानों को दिया जा रहा है प्राकृतिक खेती का निःशुल्क प्रशिक्षण

रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के हरिहरपुर स्थित खेत में किसानों को प्राकृतिक खेती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहाँ पर प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित कर किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रशिक्षण में उपस्थित होकर किसानों से संवाद किया तथा प्राकृतिक खेती के गुणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रीवा प्राकृतिक खेती का हब बनेगा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के साथ ही हिनौती गौधाम में भी प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि संबंधित क्षेत्र के किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राकृतिक खेती कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक किसान को अपनी भूमि के कुछ भाग में प्राकृतिक खेती अवश्य करनी चाहिए जो भूमि के स्वास्थ्य के साथ ही स्वयं व परिवार के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हमें अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा को आदत में डालना होगा। यदि हम सही समय में नहीं सम्हले तो नुकसान उठाना पड़ेगा। रीवा जिले में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता है इसलिए उन्हें सही दिशा में खेती करनी चाहिए। शुक्ल ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती उत्पादन के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किसानों में से ही मास्टर ट्रेनर तैयार होंगे जो जिले के अन्य किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में प्रशिक्षण देंगे। उप मुख्यमंत्री ने अपने खेत में चार एकड़ क्षेत्र में गेंहू व एक एकड़ में सब्जी की प्राकृतिक खेती आरंभ की है। उन्होंने खेत में जगपावनी का छिड़काव किया तथा प्रशिक्षण स्थल में गौकृपा अमृत निर्माण की शुरूआत की। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसान शिववरण सिंह एवं विनोद ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिंदगी व पीढ़ी को बदलने का प्रशिक्षण है। हम लोग इसके माध्यम से प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के किसानों को भी प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण में अजगरहा, हरिहरपुर, अगडाल आदि आसपास के गांवों के किसान उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि हरिरहरपुर में 25 जनवरी तक प्राकृतिक खेती का तीन दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रविशंकर जी की संस्था लिविंग ऑफ आर्ट के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती के लिए भूमि तैयार करने, बीजों के उपचार, केमिकल रहित खाद तथा कीटनाशक बनाने एवं मल्टीलेयर फसल की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य जगपावनी, अग्निहोत्र निर्माण, गौकृपा अमृत, अमृत जल/भस्म जल, भस्म खाद, धूम्र चिकित्सा, नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्निआस्त्र, ताम्रदही तथा आवर खाद निर्माण की भी जानकारी दी जा रही है। इन सबका निर्माण नाममात्र के खर्च पर गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन जैसे घर में उपलब्ध पदार्थों से किया जाता है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

*मऊगंज* महिला एवं बाल विकास विभाग मऊगंज तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को पीएम श्री शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर पी.के.पाण्डेय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एसडी पाण्डेय रहे। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी आशीष द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. सलिल पाण्डेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने बालिका अधिकार, शिक्षा एवं संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज से बालिकाओं को समान अवसर देने की अपील की।डॉ. विभूति भूषण सिंह ने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. अवनीश सिंह ने बाल संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी दी। मीना शंखवार (आरसीटी) ने बालिकाओं के व्यवसायिक एवं कौशल विकास पर चर्चा की। सुनीता चौरसिया, मास्टर ट्रेनर ने बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया।





कार्यक्रम का संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी मऊगंज के जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने कहा कि "बेटी है तो कल है" और बालिका सशक्तिकरण को समाज की अनिवार्य जिम्मेदारी बताया। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निर्देशक सुमित सिंह ने बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के विरुद्ध जन-जागरूकता हेतु बाल विवाह मुक्ति रथ का विमोचन भी किया गया। अंत में सभी से बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला विकास समिति के सदस्य श्रीनिवास त्रिपाठी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जागरूकता सपथ दिलाई गई। उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान किया गया जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी तिवारी, ललिता दुबे, नीतू मिश्रा, रंजना मिश्रा, सावित्री पटेल, उपमा द्विवेदी, सुषमा प्रजापति, सविता शुक्ला, सरस्वती साकेत, वीरवती, रिमी द्विवेदी ने अपने आंगनबाड़ी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर पुरस्कार प्राप्त किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवशंकर श्रीवास्तव, चक्रपाणि मिश्रा, आरती पटेल, आशीष कुमार शुक्ला के साथ महिला बाल विकास विभाग मऊगंज की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर कार्यकर्ता सहायिका तथा सामाजिक कार्यकर्ता महाविद्यालय के छात्र शामिल रहे हैं।